# नववर्ष पर पिकनिक स्थलों पर उमड़ी भीड़, परिवारों और युवाओं के बीच सेल्फी का क्रेज

# नव वर्ष पर लोगों ने पर्यटक स्थलों में मनाया पिकनिक

प्रमोद खण्डेलवाल

**हजारीबाग।** नए साल के जश्न के अवसर पर हजारीबाग शहर के विभिन्न पिकनिक स्पॉट्स पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। हर वर्ग के लोगों ने इस अवसर पर परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का फैसला किया। शहर के प्रसिद्ध स्थल जैसे झील, कैफेटेरिया,कन्हरी पहाड़, जिला परिषद पार्क सहित अन्य पर्यटक स्थलों में सुबह से ही लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया।

नववर्ष के पहले दिन शहर के सभी पिकनिक स्थलों पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। परिवारों और दोस्तों के झुंड सुबह से ही इन जगहों पर उमड़ पड़े, जिससे पार्क, झील और गार्डन खचाखच भरे नजर आए। लोगों ने खुले आसमान के नीचे प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए नए साल का स्वागत किया। पार्कों में बच्चों की चहल-पहल दिनभर बनी रही। झूले, स्लाइड्स और बोटिंग जैसी मनोरंजक गतिविधियां बच्चों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं, युवाओं के बीच सेल्फी और ग्रुप फोटोग्राफी का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। हर ओर खिलखिलाहट और हंसी-ठिठोली की गूंज सुनाई दी। खास बात यह रही कि कई जगहों पर लाइव म्यूजिक, डांस परफॉर्मेंस और फूड स्टॉल्स ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। झीलों के किनारे बैठकर लोग सूर्यास्त का आनंद लेते नजर आए। नववर्ष की इस खास शुरुआत ने हर दिल को उमंग और ताजगी से भर दिया। निर्मल महतो पार्क नववर्ष के पहले दिन पर्यटकों की पसंदीदा जगहों में से एक रहा, जहां लोगों ने प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताए। हरी-भरी घास, सुंदर फूलों से सजे बाग और शांत वातावरण ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। परिवारों के साथ आए पर्यटकों ने पार्क के खुले मैदानों में समय बिताते हुए खुशनुमा माहौल का आनंद लिया। पार्क की खासियत बोटिंग का आयोजन रहा, जिसने सभी उम्र के लोगों का दिल जीत लिया। पार्क के हर कोने में बच्चों की हंसी और दोस्तों-परिवारों की बातचीत की गूंज सुनाई दी। निर्मल महतो पार्क, अपने अद्वितीय सौंदर्य और मनोरंजक गतिविधियों के कारण, इस दिन हर उम्र के लोगों के लिए यादगार स्थल साबित हुआ।





### जिला परिषद पार्क की रौनक

दूसरी ओर, जिला परिषद पार्क में बच्चों के लिए झूलों और मनोरंजन गतिविधियों का आयोजन किया गया था। यहां पर लोगों ने बैठकर पिकनिक मनाई, बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और पूरे दिन रौनक बनी रही। पार्क में प्रशासन द्वारा स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया।

### सुरक्षा और व्यवस्था पर प्रशासन की नजर

प्रशासन ने विभिन्न पर्यटक स्थलों पर उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की थी। हर पार्क और पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

### लोगों में दिखा सेल्फी का क्रेज

पिकनिक स्थलों पर युवाओं और बच्चों में सेल्फी लेने का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। हर खूबसूरत जगह और मनमोहक दृश्य के साथ तस्वीरें लेने की होड़ ने माहौल को और भी खास बना दिया। झीलों के किनारे, बगीचों के बीच, और झूलों के पास, हर ओर कैमरे की क्लिक सुनाई दे रही थी। युवाओं ने अपने दोस्तों और परिवार के साथ ग्रुप फोटोग्राफी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जबकि बच्चों ने मस्तीभरे पलों को तस्वीरों में कैद किया। सोशल मीडिया पर अपने अनुभव साझा करने की होड़ ने इस उत्साह को और बढ़ा दिया। सेल्फी पॉइंट्स पर भीड़ इस कदर थी कि हर जगह खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ था। इन तस्वीरों के जरिए लोग न सिर्फ अपने खूबसूरत लम्हों को सहेज रहे थे, बल्कि नए साल की इन यादों को दुनिया के साथ साझा कर रहे थे।

### दोपहर बाद पार्कों में उमड़ी भीड़

दोपहर बाद शहर के पार्कों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां हर तरफ उत्साह और उल्लास का माहौल दिखाई दिया। सुबह से ही लोग पार्कों में पहुंचने लगे थे, लेकिन दोपहर बाद यह संख्या कई गुना बढ़ गई। कुछ लोग परिवार के साथ साल के पहले दिन को यादगार बनाने पहुंचे थे, तो कई कपल्स ने नए साल के इस खास मौके पर पार्कों में क्वालिटी टाइम बिताया। बच्चों के चेहरे पर मस्ती और उमंग साफ झलक रही थी। पार्क में बच्चे अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट, फुटबॉल और बैडमिंटन जैसे खेलों का आनंद लेते नजर आए। झूले और स्लाइड्स पर उनकी चहचहाहट ने माहौल को और जीवंत बना दिया। हर तरफ हंसी-खुशी की गूंज और सजीवता का अहसास हो रहा था, जिससे यह दिन सभी के लिए यादगार बन गया।

### नव वर्ष पर धार्मिक स्थलों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नव वर्ष के शुभ अवसर पर शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों और पूजा स्थलों की ओर बढ़ते नजर आए। श्रद्धा और भक्ति के इस माहौल में सभी ने अपने-अपने आराध्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर नए साल की मंगलकामना की। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों, जैसे नरसिंह स्थान, महावीर स्थान और रानी सती मंदिर में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखी गई। ओकनी साईं बाबा मंदिर में भी देर शाम तक भक्तों का आगमन जारी रहा। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पारंपरिक रीति-रिवाजों और भजन-कीर्तन के साथ, भक्तों ने नव वर्ष की शुरुआत धार्मिक आस्था के साथ की। इस पवित्र माहौल में गौसेवा और अन्नदान जैसी सामाजिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। नए वर्ष के पहले दिन की इस धार्मिक आस्था ने सभी को एकता, शांति और समर्पण का संदेश दिया।

### बाजारों में रहा सन्नाटा, पर्यटक स्थलों पर नजर आए लोग

नव वर्ष के पहले दिन शहर के बाजारों में सन्नाटा छाया रहा, क्योंकि अधिकांश लोग खरीदारी की बजाय विभिन्न पर्यटक स्थलों पर समय बिताने में व्यस्त नजर आए। पार्क, झील और पिकनिक स्पॉट्स लोगों की चहल-पहल से गुलजार रहे। परिवार, दोस्तों और युवाओं के समूह ने प्रकृति के बीच दिनभर की मस्ती और सुकून का आनंद लिया। बच्चों ने झूलों, बोटिंग और खेलकूद में समय बिताया, जबकि युवा सेल्फी और ग्रुप फोटोग्राफी में मशगूल दिखे। झील किनारे बैठे लोग सूर्यास्त के मनमोहक दृश्यों का आनंद लेते देखे गए। पर्यटक स्थलों की रौनक ने पूरे माहौल को जीवंत कर दिया, जिससे बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ कम दिखाई दी। बाजारों की शांत गलियां इस बात का संकेत थीं कि लोग नए साल को प्रकृति और परिवार के साथ जोड़कर खास बनाने में जुटे थे। इन स्थलों पर उमड़ी भीड़ ने दिन को उत्साह और उमंग से भर दिया।

---

**संक्षिप्त खबरें**

## हुरहुरु में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना से लोगों की जा रही जान

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के हुरहुरू में लगातार सड़क हादसे हो रहे है। सोमवार 31 दिसंबर को देर शाम हुरहुरु में सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। आपको बताते चले कि मृतक की पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है ।जो कि कोर्रा में रहकर पढ़ाई करता था ,साथ ही तंगी हालत के चलते मजदूरी भी करता था, बगोदर का रहने वाला था ! घटना मंगलवार 8.15 बजे की बताई गई है। घटना के बाद मृतक के परिजन और आस-पड़ोस के लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। साथ ही बीच सड़क पर आगजनी कर विरोध जता रहे थे। मौके पर तुरंत प्रशासन की गाड़ियां पहुंची । बता दें कि एन एच 33 से जुड़ा ये रास्ता होने के कारण लोग तेज गति से अपनी गाड़ियां चलाते है।



## विद्यालय में सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन



**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर झामुमो नेता सुनील कुमार, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, प्रखंड सचिव विक्की धवन, कन्हैया प्रसाद ने डीसी से मुलाकात कर मामले की जानकारी देते हुए आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से कहा कि विद्यालय के 6 कमरे अति जर्जर है विद्यालय में शेष 11 वर्ग कक्ष है जिसका उपयोग पठन-पाठन में किया जाता है। दीवार में दरार एवं छत से पानी का रिसाव होता है। विद्यालय सीडब्लुएसएन विकलांग बच्चों के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है। सामान्य छात्र-छात्राओं के लिए केवल एक-एक यूनिट उपलब्ध है जो पर्याप्त नहीं है। विद्यालय मे किचन सेड उपलब्ध कराया जाए। चारदीवारी कराया जाए, डीप बोरिंग कराया जाए, अति जर्जर बिल्डिंग को धव्सत कर नया बिल्डिंग उपलब्ध कराया जाए। पुराने गेट की स्थिति जर्जर है नया गेट बनवाया जाए। सिझुवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चारदिवारी एवं किचन सेड निर्माण को लेकर उपायुक्त से आग्रह कर जल्द से जल्द सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

## सड़वाहा गांव में कुआं में डुबने से पांच लोगों की हुई घटना स्थल पर मौत, गांव में पसरा मातम

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** चरही पंचायत के सड़वाहा गांव में कुआं में डूबने से पांच व्यक्ति की मौत की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। बताते चले की कुआ मोटरसाइकिल धोने को लेकर हुई विवाद में सुंदर करमाली व उनकी पत्नी के आपसी कहल में और विवाद के कारण गांव के अन्य व्यक्ति मौत हो गई। एक तरफ जहां पूरा गांव व आसपास नव वर्ष की ख़ुशी में सराबोर था तो वही दूसरी तरफ पति पत्नी की आपसी कलह में बचाने वाला व्यक्ति अपनी जान गवां दिया। जिसके कारण पूरा गांव मातम में पसर गया । इतनी बड़ी ख़ुशी के दिन में पूरा गांव मातम में पसर गया।बताते चले की यह घटना मोटरसाइकिल धोने को लेकर विवाद हुई जिसके कारण पति पत्नी में धक्का मुक्की में साफ सफाई कर रहे मोटरसाइकिल कुआं में जा गिरा और यह घटना हुआ सीधे कुआं में जा गिरा, जिसके कारण कुआं पूरा पेट्रोल से गैस भर गया । आनन फानन में गांव के ही सुंदर करमाली, पिता ईश्वर करमाली, राहूल करमाली पिता रवी करमाली, सुरज भुइयां पिता महाबीर भुईयां, विनय करमाली व पंकज करमाली पिता गोपाल करमाली एक ही परिवार के दो भाई बचाने को लेकर कुआं में कूद पड़े लेकिन बचाने वाला दुबारा बाहर नही निकल पाया जिसमें एक ही परिवार का दो शामिल है जिसके कारण घर का चिराग बूझ गया। बताते चले की आपसी पति पत्नी को बचाने को लेकर लेकर पांच दोस्त अपनी जान गवां दी। सभी का उम्र लगभग 25 से 28 वर्ष तक का बताया जा रहा है।सभी मृतक में चार करमाली समाज व एक भूईयां समुदाय से आता है। फ़िलहाल दो व्यक्ति को एम्बुलेंस के द्वारा इलाज के लिए संतावना के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। वही इस घटना के बाद मृतक परिवार में रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलत ही चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार दल बल के साथ अपनी टीम के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले कर कागजी कार्रवाई कर सभी को सदर अस्पताल भेज दिया गया है।



## कृषि निदेशक का माधोपुर केज साइट का दौरा



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** कृषि निदेशक ताराचंद आई ए एस द्वारा माधोपुर केज साइट का दौरा किया गया। इस दौरान केज कल्चर तकनीक से हो रहे मछली पालन की प्रगति का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित मत्स्य मित्र के साथ इस तकनीक के माध्यम से क्षेत्र में संभावित विकास एवं किसानों की आयवृद्धि पर चर्चा की। माधोपुर केज साइट जिले में मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवाचार का एक बेहतरीन उदाहरण है। कृषि निदेशक के नेतृत्व और मार्गदर्शन से यह पहल क्षेत्र के किसानों को सशक्त बनाने और मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में सहायक होगी।इस दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार एवं मत्स्य मित्र उपस्थित थे।

## लगातार दुसरे दिन बंद घर में चोरी कर पुलिस को दी चुनौती

प्रकाश पटवारी

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में लगातार दूसरे दिन तीसरे घर में चोरी कर पुलिस को मानों चुनौती दे दी है। जिला पुलिस ने 2024 में अनेकों चोरी व अन्य घटनाओं का उद्भेदन किया है वहीं चोरों ने वर्ष के अंत में पुलिस को एक के बाद एक तीसरे बंद घर में बड़ी चुनौती दे डाली है। आज नव वर्ष प्रातः जानकारी मिली कि रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों ने बंद घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घर के मालिक अपने पूरे परिवार के साथ काठमांडू घूमकर गोरखपुर (युपी) पहुंचे थे कि घर में चोरी कि जानकारी बीती रात मिली। घर के मालिक तुलसी अग्रवाल को फोन के माध्यम से जानकारी मिलते ही वह सीधा अपने घर आज अपराह्न 12 बजे करीब पहुंचे। तुलसी अग्रवाल ने बताया कि उनके घर से डेढ़ लाख रुपए नगद, बीस ग्राम गोल्ड, सात सौ ग्राम चांदी, एक लैपटॉप व्यवसाय से संबंधित पांच पेन ड्राइव की चोरी हुई है। जिसकी कुल अनुमानित कीमत पांच छः लाख बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवास में रात्रि समय एक कर्मचारी को रहने के लिए जिम्मा दिया गया था जिसके दिनांक 31 दिसंबर कि रात्रि आठ नौ बजे के मध्य जब पहुंचा तो पाया कि घर का ग्रिल में लगा ताला टूटा हुआ है, इस पर कर्मचारी ने आस-पास के लोगों को इसकी जानकारी दी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना रामगढ़ पुलिस को दी गई। रामगढ़ पुलिस पहुंच कर घटना की जांच कर रही है। आज अपराह्न गृह स्वामी के पहुंचने के बाद रामगढ़ पुलिस ने तुलसी अग्रवाल से पुरी जानकारी लेने पहुंची।



## अंग्रेजी नववर्ष पर जुलजुल पहाड़ी एवं गौशाला में उमड़ा सैलानियों का जनसैलाब

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** अंग्रेजी नववर्ष पर हर कोई प्राकृतिक एवं मनोहारी स्थल का सैर कर सुकून का पल व्यतीत कर शानदार तरीके से नववर्ष का आगाज करते हुए दिखे। उत्साह एवं उमंग के साथ गौ सेवा का समाज में श्रद्धाभाव का अनोखा मिशाल पेश एवं संदेश देते हुए दिखे। बुधवार को हजारीबाग सदर प्रखण्ड अंतर्गत सखिया पंचायत स्थित जुलजुल पहाड़ी एवं गौशाला में अंग्रेजी नववर्ष पर सैलानियों का जनसैलाब उमड़ा। जुलजुल पहाड़ी की प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण एवं मनोरम वादियों में सुकून का पल लोगों ने व्यतीत किया। पहाड़ी की शानदार दृश्य एवं नजारा में घंटों तक सैलानियों ने अपने परिवार एवं दोस्तों के संग बिताया। कई सैलानियों ने पहाड़ी की ऊची चोटी एवं तलहटी का सैर कर नववर्ष का आगाज शानदार तरीके से किया। नववर्ष की उत्साह एवं उमंग में लोग झुमते एवं गाते नजर आएं। जुलजुल पहाड़ी की मनोरम वादियों में सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित किया। जहां आकर्षण का केंद्र बना। जिसे दीदार कर उत्साह एवं उमंग में लीन रहे। इस दौरान फोटो खिंचवाने की तांता लगी रही।कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित गौशाला में गौ भक्तों की भारी भीड़ रही। यहां गौ भक्तों ने गौमाताओं को गूड एवं चारा खिलाकर गौ सेवा का अनोखा मिशाल पेश किया। नववर्ष की उत्साह एवं उमंग में गौ सेवा के प्रति कई गौभक्ती दिखलाकर समाज में श्रद्धाभाव का संदेश दिया। गौ माताओं ने ममता, करुणा और वात्सल्य से गौ भक्तों को अपनी ओर आकर्षित किया। गौ सेवकों ने कहा कि गौ माता स्वास्थ्य और समृद्धि का आधार है। गौ सेवा से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली का सौभाग्य प्राप्त होता है। गौ सेवकों ने हजारीबाग जिला वासियों से विशेष उत्साह एवं उमंग पर गौशाला में अवश्य गौ सेवा करने का अपील किया।



## हत्या के बाद बवाल, पुलिस ने भांजी लाठियां

**धनबाद।** धनबाद में नए साल 2025 का पहला दिन बहुत अच्छा नही रहा। बुधवार की सुबह एक युवक के शव मिलने के बाद मामला इतना बढ़ा की पुलिस को लाठी चार्ज तक करना पड़ा। मामला धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के विकास नगर की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह नाले में एक युवक का शव मिला। मृतक के पहचान रवि कुमार के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि युवक शादीशुदा है, उसका एक बच्चा है और उसकी पत्नी गर्भवती भी है। युवक कोयला व्यवसायी पप्पू मंडल के यहां काम करता था। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं परिजन आकाश नामक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस उसे हिरास में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजन और ग्रामीण आरोपित को भीड़ को सौंपने की मांग को लेकर बैंक मोड़ थाना के सामने मुख्य सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन करने लगे। इससे सड़क पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई।

# नववर्ष में दिउड़ी देवी के दर्शन को श्रद्धालुओं की उमड़ पड़ी भीड़, लगी लंबी कतार

बिभा संवाददाता

**तमाड़।** नववर्ष में प्राचीनकालीन दिउड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारो श्रद्धालुओं ने नए साल में 16 भुजी माता के दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालु रात्री 12 से ही माता के दर्शन करने के लिए कतार में खड़े थे। कड़ाके की ठंड में मंदिर परिसर में श्रद्धालु माता के मंदिर में डटे रहे। मंदिर का पट सुबह तीन बजे खोला गया। दिउड़ी मंदिर की ख्याति झारखंड सहित पश्चिम बंगाल-उड़ीसा एवं मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ तक है। दूर-दराज से लोग रात को ही मंदिर पहुंच जाते हैं। कुछ लोगो ने बताया कि हम लोग दिल्ली, पुणे, महाराष्ट्र से माता के दर्शन करने पहुंचे हैं. मंदिर के प्रधान पुजारी नरसिंह पंडा एवं मनोज पंडा ने बताया दिउड़ी माता के प्रति लोगों का आस्था बढ़ता ही जा रहा है। और लोग माता की एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। भक्तों का कहना है सच्चे मन से जो भी यहां मांगी जाती है। उनकी मुराद पूरी होती है। लोगों ने बताया नववर्ष के पहले दिन माता के दर्शन कर लेने से साल भर मन को शांति मिलती है ओर सालभर सुख, शांति, समृद्धि मिलती है। दोपहर में विशेषआरती के पश्चात श्रद्धालुओं में खीर, खिचड़ी का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसे हजारो श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी रौशन कुमार झा ने बताया की दो दिन पूर्व से ही मंदिर परिसर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस पदाधिकारी और जवानो की तैनाती की गयी है।





